卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक
# उत्तरांचल दर्पण
♦वर्ष 26 ♦अंक 71 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦17 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया
darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# ट्रक से भिड़ी कार, चार की मौत

## तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, कड़ी मशक्कत के बाद वाहन से निकाले गये शव



ऋषिकेश( उद संवाददाता)। मंगलवार देर रात मनसा देवी मंदिर के रेलवे फाटक के पास एक भयानक सड़क हादसा हुआ। हरिद्वार से ऋषिकेश की ओर आ रही कार अचानक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई और उसके नीचे जा घुसी। हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना का मंजर अत्यंत भयानक था कार के मलबे और क्षत-विक्षत शव सड़क पर बिखरे हुए थे। शव निकालने के लिए पुलिस को वाहन को काटने और क्रेन की मदद लेने तक की जरूरत पड़ी। पुलिस के अनुसार, हादसा लगभग रात 10:30 बजे हुआ। कार अत्यंत तेज रफ्तार में हरिद्वार से ऋषिकेश की ओर आ रही थी। मार्ग में चालक ने कई वाहनों को ओवरटेक किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब सड़क पर किसी जानवर को बचाने के प्रयास में चालक ने कार को अचानक बाईं ओर मोड़ा और नियंत्रण खो बैठा। कार सीधे ट्रक से टकराई और नीचे घुस गई। कोतवाल केसी भट्ट ने बताया कि कार के मालिक की पहचान सोनू कुमार, निवासी चंद्रेश्वर मार्ग, ऋषिकेश के रूप में की गई है। पुलिस ने उन्हें फोन किया लेकिन उन्होंने कॉल का जवाब नहीं दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और अन्य उपकरणों की मदद से कार को ट्रक से अलग किया और मलबे में फंसे शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान धीरज जायसवाल (शेष पृष्ठ सात पर)

# साईबर ठगों ने फोन हैक कर खाते से उड़ाये 22.93 लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरटीओ चालान के नाम पर फर्जी एपीके फाईल भेजकर साईबर ठगों ने खाताधारक का मोबाइल हेक कर लिया उसके बाद खाते से 22.93 लाख रूपये उड़ा लिये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने साईबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 14/3 ब्लाक-एफ, जज फार्म हल्द्वानी निवासी उमेश कुमार उमेश कुमार वाष्णेय पुत्र स्व0 याद राम ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, रूद्रपुर में में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उनके एचडीएफसी बैंक बचत खाता से दिनांक 12 से 14 दिसंबर 2025 के बीच 22,93,001 रुपये उड़ा लिये गये। उमेश कुमार ने अपनी तहरीर में कहा कि दिनांक 14 दिसंबर की शाम को उनके मोबाइल पर विभिन्न प्रकार के ओटीपी और मैसेज आए, जिनमें कुछ ड्रीम 11 से संबंधित भी थे। शुरुआत में उन्होंने इन संदेशों पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन कुछ समय बाद मैसेज चेक करने पर उन्हें अपने खाते से पैसे कटने का पता चला। उन्होंने तुरंत एचडीएफसी बैंक के कस्टमर केयर से संपर्क कर अपना खाता लॉक करवा दिया। अगले दिन 15 दिसंबर को बैंक जाकर अपनी स्टेटमेंट चेक करने पर उन्हें पता चला कि उनके खाते से 21 लाख रुपये की एफडी राशि और 83,855 रुपये ब्याज सहित कुल 22,93,855 रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल लिए गए। उन्होंने बताया कि उनके खाते से कुल 12 ऑनलाइन लेनदेन किए गए, जिनमें आईएमपीएस, आरटीजीएस और यूपीआई के माध्यम से बड़ी राशि अलग (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्वरोजगार के लिए युवाओं को 33.22 करोड़ का तोहफा

## मुख्यमंत्री ने 3848 लाभार्थियों के खातों में सीधे ट्रांसफर किये 33-22 करोड़ रुपये



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 3848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33.22 करोड़ रुपये की धनराशि का मुख्यमंत्री आवास से ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड का युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य की उन प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसने वास्तविक रूप से पलायन को रोकने, रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के दौरान लौटे प्रवासी, युवा उद्यमी, कारीगर, हस्तशिल्पी एवं शिक्षित बेरोजगार इस योजना के प्रमुख लाभार्थी हैं। योजना के अंतर्गत राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत, सहकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विनिर्माण इकाइयों के लिए25 लाख तक और सेवा एवं व्यापार इकाइयों के लिए10 लाख तक की परियोजना लागत अनुमन्य है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 15 से 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी उपादान (सब्सिडी) के रूप में प्रदान किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लगभग 32 हजार लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, इस योजना से अब तक 35 हजार से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। योजना के तहत अब तक 1,389 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण किया गया है, जिससे लगभग 64,966 नए रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रमाण है कि योजना केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर सशक्त रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इसे छोटे व्यापारियों और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रदेश के लिए एक "गेम चेंजर योजना" बताया। उन्होंने कहा कि योजना की सफलता को देखते हुए वर्ष 2025 से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 (डैल 2.0) प्रारंभ की गई है, जिसमें डैल और नैनो योजना का एकीकरण किया गया है। नई व्यवस्था में सब्सिडी की सीमा 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक कर दी गई है। साथ ही भौगोलिक, सामाजिक और उत्पाद बूस्टर की अवधारणा के अंतर्गत अतिरिक्त 5 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान किया गया है, जिससे योजना आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक रूप से भी सशक्त बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। यह सरकार की पारदर्शिता, टेक्नोलॉजी-आधारित और भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यप्रणाली का प्रमाण है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर जिले में स्थानीय उद्यम, हर गांव में रोजगार (शेष पृष्ठ सात पर)

# तराई में घने कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि का तराई भावर क्षेत्र आज दूसरे दिन भी घने कोहरे और कंपकपाती ठंड के आगोश में लिपटा रहा। कोहरे व ठंड के कारण जहां लोगों को घर से बाहर कार्य के निकलना मुश्किल हो रहा था तो वहीं हाईवे और सभी सम्पर्क मार्गों पर वाहनों की रफ्तार भी काफी कम रही। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को भी ठंड में जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान हाईवे पर वाहन जलाकर चलते दिखाई दिये। कोहरे से जनजीवन काफी प्रभावित रहा। कोहरे के कारण मुख्य मार्गों पर होने वाले हादसों पर रोक लगाने के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सभी वाहन चालकों को वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने और रात्रि में फॉग लाईट का प्रयोग करने के सख्त निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही मुख्य मार्गों के दोनों ओर वाहनों के खड़े करने पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिसके लिए पुलिस कर्मियों की मुख्य स्थानों पर चैकिग करने की ड्यूटी भी लगाई गई है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले कुछ दिनों तक क्षेत्र में कोहरा लगातार बना रहेगा और ठंड में भी बढ़ोत्तरी होगी। हांलाकि प्रशासन (शेष पृष्ठ सात पर)

# महिला की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा





सितारगंज( उद संवाददाता)। पीलीभीत रोड के प्राइवेट अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला की मृत्यु हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने शव अस्पताल के गेट पर रख जमकर विरोध जताया परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान इलाज में लापरवाही बरती। जिससे महिला की मौत हुई हैं। तनाव बढ़ता देख पुलिस बल मौके पर पहुंच गया । देर शाम परिजनों और अस्पताल प्रशासन के मध्य वार्ता के बाद मामला शांत हो गया। बताया जाता है कि अस्पताल प्रबंधन मृतका के परिजनों को सहायता राशि उपलब्ध कराएगा। सिडकुल रोड के ग्राम लक्ष्मी झाला निवासी 26 वर्षीय उर्मिला पत्नी सुनील कुमार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने सर्वप्रथम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टर ने महिला को रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पीलीभीत रोड के निजी क्लीनिक पर महिला का उपचार कराया। यहां तैनात महिला डॉक्टर ने नजदीकी क्लीनिक (शेष पृष्ठ सात पर)

# पिता और भाई की शिकायत पर डीएम ने निरस्त किया शस्त्र लाइसेंस

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने अवगत कराया कि विकास किरौला पुत्र जी.एस. किरौला, निवासी बलोट होटल, भुजियाघाट, थाना नैनीताल के विरुद्ध उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के अवलोकन से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि लाइसेंसी का अपने पिता एवं सगे भाई के साथ संपत्ति संबंधी विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त वादों से यह स्पष्ट होता है कि पारिवारिक सदस्यों के मध्य गहरा वैमनस्य विद्यमान है तथा भावनात्मक उत्तेजना की प्रबल संभावना बनी हुई है। लाइसेंसी के पिता एवं सगे भाई द्वारा भी अपने जीवन को लेकर भय व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि भूमि एवं संपत्ति से जुड़े पारिवारिक विवाद स्वभावतः अत्यंत तनावपूर्ण एवं संवेदनशील होते हैं, ऐसे मामलों में शस्त्र की उपलब्धता स्थिति को और अधिक गंभीर एवं घातक रूप प्रदान कर सकती है। उपलब्ध तथ्यों के आलोक में यह आशंका व्यक्त की गई है कि शस्त्र का प्रयोग परिवार के ही सदस्यों के विरुद्ध किया जा सकता है। इस प्रकार का पारिवारिक एवं भूमि विवाद न केवल सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करता है, (शेष पृष्ठ सात पर)

# शिलान्यास ने गदरपुर में बढ़ाया सियासी तापमान

- क्षेत्रीय विधायक की उपेक्षा से भड़के समर्थक
- शिलापट पर नामों की अदला-बदली पर उठे सवाल




रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर एक बार फिर सियासी हलचल तेज हो गई है। हाल ही में हुए एक निर्माण कार्य के शिलान्यास ने राजनीतिक और प्रशासनिक मर्यादाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि निर्माण कार्य के शिलापट पर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पाण्डे का नाम छोटे अक्षरों में अंकित किया गया, जबकि पड़ोसी विधानसभा क्षेत्र के रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा का नाम बड़े और प्रमुख अक्षरों में दर्शाया गया। इस घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर चल पड़ा है। स्थानीय स्तर पर यह भी कहा जा रहा है कि क्षेत्रीय विधायक अरविंद पाण्डे की उपेक्षा कोई नई बात नहीं है। इससे पूर्व भी कई कार्यक्रमों में फ्लैक्स, बैनर और अन्य सामग्री में उनका नाम और फोटो गायब रहने के आरोप लगते रहे हैं। यहां तक कि कई सरकारी कार्यक्रमों में भी उनके नाम को नजरअंदाज किए (शेष पृष्ठ सात पर)

# युवक की संदिग्ध हालातों में मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि रम्पुरा निवासी एक युवक पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। आज मध्य रात्रि वह अपने कमरे में बेसुध अवस्था में पाया गया। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। शोर होने पर आस पड़ोस के लोग भी आ पहुंचे। बताया जाता है कि तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बाद में मृतक युवक का अंतिम (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रत्येक न्याय पंचायत में लगेंगे विभागों के कैम्प : मुख्य सचिव

देहरादून(उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। बैठक के दौरान 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के तहत प्रदेशभर की विभिन्न न्याय पंचायतों में कैम्प लगाकर जन सामान्य को राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाए जाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।मुख्य सचिव ने कहा कि 17 दिसम्बर से अगले 45 दिनों तक प्रदेश की प्रत्येक न्याय पंचायत के प्रत्येक पात्र नागरिक को 23 विभागों की विभिन्न योजनाओं से संतृप्त किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रत्येक जनपद को रोस्टर तैयार कर कैम्प लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक को मिले इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद अपने अंतर्गत न्याय पंचायतों की संख्या के आधार पर रोस्टर निर्धारित कर सकता है। कहा कि ज्यादा न्याय पंचायतों वाले जनपद इस अभियान को तब तक जारी रखेंगे जब तक सभी प्रदेशवासी योजनाओं के लाभ से संतृप्त नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि जनपद में अधिकारियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सप्ताह में 2 से 3 कार्य दिवसों में प्रत्येक तहसील की प्रत्येक न्याय पंचायत को संतृप्त किया जाना है।मुख्य सचिव ने कहा कि कैम्प लगाए जाने से पहले न्याय पंचायत में इसका प्रचार प्रसार अनिवार्य रूप से कर लिया जाए ताकि कैम्प में पात्र अभ्यर्थी विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकें, साथ ही अपने जरूरी दस्तावेज भी तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया टूल का भी इस्तेमाल किया जाए ताकि लोगों को जानकारी रहे कि किस न्याय पंचायत में कौन-कौन से दिन कैम्प लगना है। उन्होंने निर्देश दिए कि कैम्प लगने से 2-3 दिन पूर्व उस न्याय पंचायत में अनिवार्य रूप से सभी प्रकार के आवेदन पत्र और जानकारी उपलब्ध करा दी जाए।मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारियों द्वारा कैम्प के उपरान्त न्याय पंचायत के आसपास के गांवों का भ्रमण कर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र भरवाए जाएं। प्रयास किए जाएं कि न्याय पंचायत के सभी पात्र निवासीगण सरकारी जनहित की योजनाओं से संतृप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण की विभिन्न पेंशन योजनाओं, प्रमाण पत्रों और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लाभार्थियों का पंजीकरण आदि सहित कुल 23 विभागों की विभिन्न योजनाओं का लाभ इस बहुद्देशीय कैम्प के पात्र लाभार्थियों को दिया जाना है। राज्य एवं जनपद स्तर बैंकर्स समिति को भी विभिन्न योजनाओं के तहत् ऋण लाभ के लिए इस कैम्प में शामिल किया जाए।मुख्य सचिव ने प्रभारी सचिवों द्वारा अपने अधीन जनपदों में लगने वाले बहुद्देशीय कैम्पों का औचक निरीक्षण किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कैम्प में आमजन की शिकायतों का तत्काल निस्तारण के निर्देश देते हुए लगातार इसकी मॉनिटरिंग किए जाने की भी बात कही। कहा कि प्रत्येक सप्ताह आयोजित कैम्पों की प्रगति आख्या मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय एवं सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सभी आयोजित कैम्प का डेटाबेस तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कैम्प का डॉक्यूमेंटेशन के लिए एक ऐप तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव शैलेश बगौली, दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, श्रीधर बाबू अद्धांकी, डॉ. वी. षणमुगम एवं विनोद कुमार सुमन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# तहसील दिवस में जनता से रूबरू हुए अधिकारी

किच्छा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देश पर आयोजित विशेष कार्यक्रम "सरकार आपके द्वार" के तहत बुधवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मुख्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में केएसडीएम गौरव पांडेय ने क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया। तहसील दिवस के दौरान फरियादियों ने बीपीएल कार्ड, भूमि पर रास्ते, राशन कार्ड, स्थाई प्रमाणपत्र और भूमि से संबंधित विभिन्न शिकायतें एसडीएम गौरव पाण्डे के समक्ष रखीं। एसडीएम गौरव पांडेय ने बताया कि तहसील दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुँचाना और उनका त्वरित निवारण करना है, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित हो। कार्यक्रम में नजीर महिम, नंद पांडे, राजेश, उप निरीक्षक दीपक सिंह, गन्ना सुपरवाइजर प्रताप सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी भारत सिंह राणा, राजस्व उप निरीक्षक अंकित सक्सेना, राजस्व निरीक्षक गरीब सिंह राणा, रूप सिंह नेगी सहित अन्य तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही किया।

# जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक कल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।जनपद नैनीताल में औद्योगिक विकास, उद्यमियों की समस्याओं के समाधान एवं उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र पल्लवी गुप्ता ने अवगत कराया कि 18 दिसंबर को अपराह्न 03:00 बजे से सर्किट हाउस सभागार, गोलापार, काठगोदाम, हल्द्वानी में जिला उद्योग मित्र की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, उद्योग संगठनों के पदाधिकारी एवं संबंधित सदस्य प्रतिभाग करेंगे। इसमें उद्योगों से जुड़े प्रकरणों, लंबित समस्याओं, विभागीय समन्वय तथा जिला स्तर पर औद्योगिक वातावरण को सुदृढ़ करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र द्वारा सभी नामित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है, ताकि उद्योग मित्र समिति के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से पूरा किया जा सके।

# चिद्युत चोरों के खिलाफ टीमें गठित कर नियमित चैंकिग अभियान चलाने के निर्देश

हल्द्वानी।आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को हल्द्वानी कैम्प कार्यालय में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी से कडी कार्यवाही की जाए। उन्हांने कहा विद्युत चोरी रोकने के लिए विभागीय एवं विजिलेंस की टीम एक्टिव होकर छापेमारी करे। इस हेतु टीम को हर तरीके से सुरक्षा प्रदान की जायेगी। उन्होने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता आरसी गुंज्याल को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों मे कर्मचारी काफी समय से तैनात है उनका अन्यत्र स्थानान्तरण किया जाए साथ ही जो लोग कांटा डालकर अवैध रूप से विद्युत लेते है



उनके खिलाफ समय-समय पर चौंकिग अभियान चलाकर एफआईआर की कार्यवाही भी करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने कहा बिजली चोरी को रोकने हेतु प्रशासन के द्वारा भी सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा लाईन लॉस कम करना विद्युत विभाग का मुख्य उददेश्य है ताकि ईमानदार उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत मिले व राजस्व का नुकसान भी रोका जा सकेगा।विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता गुंज्याल ने बताया कि हल्द्वानी क्षेत्र में सबसे ज्यादा लाईन लॉस आजाद नगर फीडर में 87 प्रतिशत एवं गांधीनगर फीडर में 70 प्रतिशत हो रहा है। इस संबंध में आयुक्त ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

# निर्धारित समय पर पूरा करें एसटीपी प्लांट का निर्माण: भट्ट

हल्द्वानी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पटवाडांगर क्षेत्र में एसटीपी प्लांट स्थापित करने के संबंध में अधिकारियों से संबंधित योजना की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। श्री भट्ट ने कहा कि एसटीपी प्लांट का निर्माण निर्धारित समय पर पूरा हो जाना चाहिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि एडीबी वित्तपोषित नैनीताल शहर के सीवर परियोजना के अन्तर्गत रूसी गाँव में निर्माणाधीन एस0टी0पी0 कार्यस्थल पर माह अगस्त 2023 में हुयी अत्यधिक वर्षा से अप्रत्याशित भूस्खलन के कारण कार्य बाधित है। जिसकी कुल लागत रू0-96.15 करोड़ है। जिसमें रू0-33.00 करोड की धनराशि (56 प्रतिशत) का कार्य पूर्ण हो चुका था।वर्ष 2023 में आई दैवीय आपदा के कारण एसटीवी प्लांट के ओवरहैड टैंक क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे स्टाफ रूम भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। भूगर्भी विशेषज्ञों का कहना है कि यह सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है और इससे रूसी गाँव को भी खतरा बन चुका था। इसलिए, उपरोक्त परियोजना को पटवाडांगर में स्थापित करना अति आवश्यक हो गया था। जिसके क्रम में एस0टी0पी0 के निर्माण हेतु जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, स्थलीय निरीक्षण उपरान्त् भूमि आवंटन हेतु संस्तुति आख्या जिलाधिकारी, शासन को प्रेषित कर दी गयी है। चूंकि उक्त परियोजना एडीबी वित्तपोशित ऋण के अन्तर्गत सम्पादित की जा रही है, जिसकी ऋण समाप्ति वर्ष 2028 साथ ही प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर भी अवगत कराया गया है कि नैनीताल शहर की एडीबी द्वारा संचालित यह योजना सही समय पर पूरा होना बेहद आवश्यक है। उनके द्वारा सभी संबंधित विभागों को तय समय पर काम पूरा



परिसर पटवाडांगर में चिन्हित की गयी भूमि की अनापत्ति आतिथि तक अप्राप्त है। उपरोक्त के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त निदेशों के अनुक्रम में चिन्हित भूमि का शासन द्वारा गठित समिति द्वारा पुर्नमूल्यांकन हेतु सयुंक्त है।इस सम्बन्ध में भूगर्भीय सम्परेक्षण हेतु आई0आई0टी0 रुड़की के साथ रू0-30 लाख का अनुबन्ध भी हो गया है। श्री भट्ट ने कहा कि इस संबंध में उनके द्वारा माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी जी को भी अवगत कराया गया है करने के लिए आपसी समन्वय और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम शैलेंद्र नेगी एसडीएम नवाजिश खाली प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह टाटा एक्सपर्ट विशेषज्ञ नासिर खान अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भारत दर्शन कर लौटे छात्रों ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को लोक भवन में भारत दर्शन-शैक्षिक भ्रमण कर लौटे छात्र-छात्राओं ने मुलाकात की। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से इस शैक्षिक भ्रमण पर गए विद्यार्थियों ने राज्यपाल से अपने अनुभवों को साझा किया। बच्चों ने बताया कि वे इस भ्रमण से शैक्षिक ज्ञान के साथ ही अन्य राज्यों की संस्कृति, खान-पान, वेशभूषा से परिचित हुए। इस शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने केरल, कर्नाटक और तेलंगाना के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, उच्च शैक्षिक और तकनीकी संस्थानों और प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों में बदलाव और आत्मविश्वास आया है, जिसकी झलक संवाद के दौरान स्पष्ट दिखी है। उन्होंने कहा कि संभव है इस यात्रा ने अनेक विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लक्ष्य एवं करियर के चयन के लिए नई दिशा और प्रेरणा दी हो। राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविधता को प्रत्यक्ष रूप से देखना, देश की प्रगति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचारों को नजदीक से समझना एक विशिष्ट और प्रेरक अनुभव है। उन्होंने कहा कि भले ही हमारी भाषाएं, पहनावे और परंपराएं भिन्न हों, परंतु देश के लिए सभी का हृदय एक समान धड़कता है। उन्होंने कहा कि इस भ्रमण के बाद बच्चे अपना स्वमूल्यांकन अवश्य करें। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने का आह्वान करते हुए कहा कि संकल्प, अनुशासन और कठोर परिश्रम से ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि बिना परिश्रम के सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती। राज्यपाल ने कहा की आप सभी भावी नेतृत्वकर्ता हैं और आप सभी में जो नेतृत्व क्षमता विकसित हो रही है और वे अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे इस शैक्षिक भ्रमण के अपने अनुभवों को जरूर लिखें और अपने सहपाठियों व अन्य लोगों के साथ साझा करें। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन के लिए स्पष्ट मिशन और लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को इस प्रेरणादायी शैक्षिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ मुकुल कुमार सती, उपनिदेशक रमेश सिंह तोमर,जे पी काला, पंकज शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और भ्रमण के दौरान टीम प्रभारी अध्यापक और बच्चे उपस्थित रहे।



# समाज में नशे और मोबाइल की लत के खिलाफ जागरूकता गोष्ठी आयोजित

लालकुआं (उद संवाददाता)। स्कूली छात्र-छात्राओं को समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन और बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। गोष्ठी में शहर के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने जीवन अनुभव साझा किए और नशे से दूर रहने तथा मोबाइल का सीमित व सकारात्मक उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में कोतवाल बृजमोहन राणा



ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, आशा दर्मवाल एवं आशीष बिष्ट राजेंद्र पडियार ने भी छात्र छात्राओं को अनुशासन, संस्कार और लक्ष्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, जिससे बचाव आवश्यक है। गोष्ठी के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी प्रश्न पूछे और विषय को लेकर अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं। विद्यालय प्रशासन ने इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने की बात कही।

# कमिश्नर ने की सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना (पीएमजीएसवाई) के द्वारा कुमाऊं मण्डल में 10 करोड की अधिक की लागत से कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की।मण्डल में जिन ग्राम/तोकों की जनसंख्या 250 से अधिक है, वे सभी क्षेत्र प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनाओं से जोडे जायेंगे।आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ ही गुणवत्ता सुनिश्चित कराने और समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में कुमाऊँ आयुक्त ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को कार्यों का स्थलीय निरीक्षण के साथ ही वाटसएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन कार्यों की मानिटरिंग भी करने के निर्देश दिए। मण्डल में उधमसिह नगर को छोडकर पीएमजीएसवाई के द्वारा वर्तमान में 22 सडक मार्गो पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि मंडल के चम्पावत, पिथौरागढ, बागेश्वर, अल्मोडा पर्वतीय क्षेत्रों के जनपदों पर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनाओं के कार्य काफी संख्या में क्रियान्वयन हो रहा है इसलिए अधिकारियों को इन कार्यों की विशेष मानिटरिंग की आवश्यता है। आयुक्त ने कहा कि जो योजनायें वनापत्ति के कारण लम्बित हैं उन आपत्तियों का समय से समाधान किया जाए साथ ही जो योजनायें माननीय न्यायालय में लम्बित है उनकी सूची सूची उपलब्ध कराने के साथ ही शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।बैठक में पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता कुमाऊ आरिफ खान ने बताया कि मण्डल में पीएमजीएसवाई के द्वारा 10 करोड की अधिक की लागत से 22 सड़क मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में शीतकाल होने के कारण अनेक सड़क मार्गो में डामरीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है मौसम अनुकूल होने पर मार्च माह से डामरीकरण का कार्य कर लिया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद नैनीताल में पीएमजीएवाई के द्वारा 10 करोड से अधिक की लागत से 02 कार्य किये जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत नैनीताल से चम्पावत को जोडने वाला मार्ग रीठा साहिब-मिडार मोटर मार्ग एवं विकास खण्ड बेतालघाट के अन्तर्गत अम्बेडकर ग्राम-रसौली मोटर मार्ग का कार्य चल रहा है जो मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा साथ ही मण्डल में अधिकांश मोटर मार्गो पर कार्य सुचारू रूप से गतिमान है। समीक्षा के दौरान पीएमजीएसवाई मुख्य अभियंता कुमाऊ आरिफ खान के साथ ही मण्डल के सभी अधीक्षण व अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने किया 46.18 करोड़ की लागत की योजनाओं का अनुमोदन

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीवरेज प्रबंधन से संबंधित 43.68 करोड़ लागत की चार योजनाओं का अनुमोदन प्रदान करने के साथ ही रूद्रपुर में नर्सिंग कॉलेज के निर्माण कार्य के लिए 2.50 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पेयजल विभाग के अन्तर्गत सीवरेज के कार्यों हेतु अनुमोदित योजनाओं में हरिद्वार के भगत सिंह कालोनी, हरिपुरकलां में सीवेज सिस्टम योजना (लागत 11.22 करोड), नैनीताल जिले के अंतर्गत दुर्गा सिटी चौराहा नवाबी रोड से कालाढूंगी रोड तक सीवरेज योजना (लागत 9.49 करोड), देहरादून शहर के पथरीयापीर, नीलकंठ विहार, इन्दिरा कालोनी एवं चुक्खुवाला क्षेत्र में सीवर लाईन बिछाने के कार्य (लागत 13.91 करोड़) और देहरादून जलोत्सरण योजना के अंतर्गत साकेत नगर कालोनी कैनाल रोड के जोन-सी के छूटे हुए क्षेत्र की सीवरेज योजना (लागत 9.06 करोड़) सम्मिलित हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर के रूद्रपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर के नर्सिंग कॉलेज के अकादमिक ब्लॉक, स्थल विकास के निर्माण हेतु 2.50 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



# तहसील दिवस में एडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी ने सुनीं समस्याएं

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शैलेन्द्र सिंह नेगी ने सोमवार को तहसील कालाढूंगी में आयोजित तहसील दिवस में प्रतिभाग कर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण की कार्रवाई की। तहसील दिवस के दौरान क्षेत्रीय जनता द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 18 समस्याएं अपर जिलाधिकारी के समक्ष रखी गईं। इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव नहीं था, उनके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें तथा उसकी जानकारी आवेदक को भी उपलब्ध कराएं। अपर जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस जनता की समस्यओं के त्वरित समाधान का महत्वपूर्ण मंच है, इसलिए यहां उठाई गई प्रत्येक समस्या का समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालाढूंगी बी.सी. पंत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



# एनबीसी इंडस्ट्रियल मीट में आधुनिक बियरिंग तकनीक पर विस्तृत चर्चा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के एक होटल में एनबीसी (नेशनल बियरिंग कम्पनी) की ओर से इंडस्ट्रियल मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जयपुर के वरिष्ठ मार्केटिंग अधिकारी दीपेश पाण्डेय ने प्रतिभागियों को बियरिंग्स की उत्पादन प्रक्रिया, उनके रखरखाव तथा लुब्रिकेशन की नवीनतम तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।दीपेश पाण्डेय ने बताया कि एनबीसी, सीकेए बिरला ग्रुप की प्रमुख कंपनी है और आज एशिया की अग्रणी बियरिंग कंपनियों में शामिल है। टाटा, महिन्द्रा, मारुति, बजाज, हीरो, फोर्ड, किर्लोस्कर एवं हिन्दुस्तान मोटर्स जैसी नामी ऑटोमोबाइल कंपनियाँ एनबीसी बियरिंग्स का उपयोग कर रही हैं। इसके साथ ही भारतीय रेलवे एवं सेना के वाहनों में एनबीसी की महत्वपूर्ण उपस्थिति कंपनी की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को दर्शाती है।कार्यक्रम में नागपाल बियरिंग सेंटर, रुद्रपुर से राकेश नागपाल एवं अनिल नागपाल उपस्थित रहे। वहीं एनबीसी कंपनी की ओर से संजय शर्मा एवं शुशोभित नेगी ने भी सहभागिता की। नागपाल बियरिंग सेंटर के सहयोग से बड़ी संख्या में इंडस्ट्रियल अधिकारियों ने मीट में भाग लिया।इस अवसर पर दीपेश पाण्डेय ने कंपनी के नए उत्पादों उन्नत लुब्रिकेंट्स एवं नई श्रेणी की ग्रीस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तर का आयोजन किया गया, जिसमें LGB इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, लालकुआँ स्टोन क्रशर सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिभागियों ने बियरिंग्स से जुड़े तकनीकी पहलुओं एवं उनके व्यावहारिक उपयोग से संबंधित प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक अधिकारियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना तथा ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता और संतोषजनक सेवा प्रदान करना रहा। एनबीसी द्वारा ऐसे आयोजनों के माध्यम से उद्योग जगत के साथ ग्राहक संबंधों को मजबूत करने का प्रयास निरंतर जारी है।




# नगरीय निकायों में दाखिल खारिज आवेदनों के निस्तारण में तेजी

नैनीताल (उद संवाददाता)।जनपद नैनीताल के समस्त नगरीय निकायों में संपत्ति से संबंधित दाखिलखखारिज (म्यूटेशन) आवेदनों के निस्तारण की स्थिति में तेजी आई है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कम से कम समय पर कराए जाने के निर्देश सभी विभागों को दिए गए हैं, साथ ही समय समय पर उनके द्वारा समीक्षा भी की जा रही है। इसी क्रम में नगर निकाय क्षेत्रों में दाखिल-खारिज, म्यूटेशन के कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नैनीताल रोहिताश शर्मा ने अवगत कराया कि जनपद नैनीताल के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में विगत 2 मांह में कुल 281 दाखिलखारिज आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 151 आवेदनों का निस्तारण सक्षम अधिकारी स्तर से किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही प्रगति पर है। नगर निगम हल्द्वानी में सर्वाधिक 187 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 105 आवेदन निस्तारित किए जा चुके हैं। शेष आवेदनों में से 58 आवेदन वर्तमान में गतिमान प्रक्रिया में हैं, जिन्हें निर्धारित समयावधि पूर्ण होने पर निस्तारित कर दिया जाएगा। नगर पालिका परिषद नैनीताल में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 39 आवेदन निस्तारित किए जा चुके हैं। नामांकन/नोटिस अवधि पूर्ण न होने के कारण 27 आवेदनों का निस्तारण अभी संभव नहीं हो पाया है, जिन्हें समयावधि पूर्ण होते ही सक्षम अधिकारी स्तर से निस्तारित किया जाएगा। नगर पालिका परिषद भीमताल में प्राप्त सभी 6 आवेदनों का पूर्ण निस्तारण कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद कालाढूंगी में प्राप्त 1 आवेदन का भी निस्तारण किया जा चुका है। नगर पालिका परिषद भवाली एवं रामनगर में क्रमशः 9 एवं 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों की जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा पालिका बोर्ड के अनुमोदन उपरांत दाखिल खारिज/नामांकन दर्ज करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नगर पंचायत लालकुआं में प्राप्त 2 आवेदनों पर कार्यालय स्तर से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिला अधिकारी ने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त दाखिल खारिज आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकोंको अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# रोजगार गारंटी के अधिकार को खत्म करना चाहती है मोदी सरकार : दीपंकर

हल्द्वानी। मनरेगा को समाप्त करने के उद्देश्य से वी.बी. ग्राम जी के नाम पर एक नया विधेयक गुपचुप तरीके से लाकर मोदी सरकार सुनिश्चित काम के वैधानिक अधिकार को खत्म करना चाहती है। भाजपा हमेशा से ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम की विरोधी रही है और मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही इसे कमजोर करना शुरू कर दिया था। अब इस नए विधेयक के जरिए मनरेगा को हमेशा के लिए दफन करने की कोशिश की जा रही है। यह बात भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने पार्टी की उत्तराखंड राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाकपा (माले) मनरेगा को खत्म करने के किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेगी। पार्टी की मांग है कि मनरेगा को मजबूत किया जाए, 200 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाए और न्यूनतम मजदूरी 600 रुपये प्रतिदिन तय की जाए। साथ ही शहरी गरीबों के लिए भी रोजगार गारंटी कानून बनाया जाना चाहिए। कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने उत्तराखंड की मौजूदा स्थिति पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने राज्य को कॉरपोरेट लूट और सांप्रदायिकता की प्रयोगशाला में तब्दील कर दिया है। अलग राज्य के लिए जिन उद्देश्यों को लेकर जनता ने संघर्ष किया था, भाजपा ने उन सभी पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि पलायन, विस्थापन, बंद होते स्कूल, रोजगार के अवसरों की लूट, बदहाल और जानलेवा स्वास्थ्य व्यवस्था, जंगली जानवरों का आतंक और आवारा पशुओं की मारख्र यही 25 साल के उत्तराखंड का कड़वा सच है। माले महासचिव ने कहा कि यदि उत्तराखंड को इस जनविरोधी, कॉरपोरेट-परस्त और सांप्रदायिक उन्माद के दौर से बाहर निकालना है तो राज्य में आंदोलन, संघर्ष और पार्टी संगठन तीनों का नवीनीकरण जरूरी है।




भाकपा (माले) राज्य कमेटी की बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि पार्टी मजबूती से विध ानसभा चुनावों में हस्तक्षेप करेगी और वाम-जनवादी ताकतों की एकजुटता के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तराखंड में वाम-जनवादी आंदोलन के प्रखर नेता कॉमरेड राजा बहुगुणा की स्मृति में एक पुस्तक का प्रकाशन किया जाएगा तथा पार्टी के राज्य कार्यालय में राजा बहुगुणा स्मृति सभागार एवं पुस्तकालय का निर्माण किया जाएगा। बैठक में चार लेबर कोड्स के खिलाफ संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के बीच सतत अभियान चलाने तथा इन मजदूर विरोध ी संहिताओं को रद्द कराने के लिए आंदोलन संगठित करने का भी फैसला लिया गया। बैठक में यह मांग भी उठाई गई कि लद्दाख और समूचे हिमालय के पर्यावरणीय मुद्दों पर संघर्षरत सोनम वांगचुक को तत्काल रिहा किया जाए। पार्टी ने बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का विरोध दोहराया और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने के फैसले को बड़े पूंजीपतियों के हित में बताया। साथ ही उत्तराखंड में खत्तों, वन भूमि और शहरी इलाकों में बसे गरीबों को उजाड़ जाने तथा बुलडोजर राज का विरोध करते हुए मांग की गई कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक किसी भी विस्थापन पर रोक लगाई जाए और खत्तों, वन ग्रामों एवं मालिकाना अधिकार के लिए संघर्षरत लोगों को भूमि का मालिकाना हक दिया जाए। बैठक में पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड संजय शर्मा, राज्य सचिव इन्द्रेश मैखुरी, कैलाश पांडेय, के.के. बोरा, बहादुर सिंह जंगी, भुवन जोशी, विमला रौथाण, आनंद सिंह नेगी, कैलाश जोशी और ललित मटियाली सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों और छात्रों को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में पूर्व सैनिकों द्वारा 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत को विजय दिवस के रूप में मनाया गया। मंगलवार को प्रात: शहीद स्मारक पुलिस लाइन रुद्रपुर में समारोह का आयोजन किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी ने बताया कि 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध में जनपद ऊधमसिंह नगर के 09 वीर सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया तथा 02 सैनिक युद्ध घायल हुए। जनपद ऊधमसिंह नगर के खटीमा में निवासरत शहीद सैनिकों की वीरनारियों/परिजनों एवं युद्ध घायल सैनिक का सम्मान ब्लाक सभागार खटीमा में किया गया। रुद्रपुर में विजय दिवस समारोह में जनपद के 1971 भारत पाक युद्ध के वीर शहीदो को उपस्थित महानुभावों द्वारा पुष्प चक अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। जिसमें महापौर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, एरापी काईम, द्वारा भारत-पाक 1971के युद्ध में घायल सैनिक सिपाही गोकुलानन्द पाठक (से.नि.), मनोज सिंह पुत्र शहीद सिपाही त्रिलोक सिंह एवं भारत-पाक 1971 के युद्ध में प्रतिभाग करने वाले सैनिकों ऑ.कै. धन सिंह (से.नि.), सूबे.मे. खड़क सिंह कार्की (से.नि.) एवं सूबे. जय सिंह (से.नि.) को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त शहीदों को पुलिस द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया तथा 46 बटालियन पी.ए.सी. के द्वारा बैण्ड प्रस्तुत किया गया। समारोह में जनपद के 21 स्कूली बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। 1971 भारत पाक युद्ध/देश भक्ति से सम्बंधित चित्रकला, निबन्ध एवं कविता पाठ प्रतियोगिता में विकासखण्ड रुद्रपुर के स्कूलों में आयोजित उक्त प्रतियोगिताओं के विजेता 9 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता खेल विभाग द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में ओपन आयु वर्ग के अंतर्गत बालकों की क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता के विजेता 12 बच्चे भी सम्मानित किए गए। कार्यक्रम का संचालन कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (अ.प्रा.), सैनिक कल्याण अधिकारी ऊधम सिंह नगर, एवं सूबेदार मेजर ऑनररी लेफटिनेन्ट सुन्दर सिंह (से.नि.) सहायक अधिकारी द्वारा किया गया। उक्त समारोह में महेश चन्द्र भट्ट वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, हवलदार सुनिल कुमार (सेनि.), नायक सुदर्शन सिंह (से.नि.), नायक गिरीश चन्द्र भट्ट (से.नि.), हवलदार लक्ष्मण सिंह (से.नि.), हवलदार रुप सिंह अधिकारी (से.नि.), हवलदार अजय कुमार (से.नि.), श्री देव, आकाश एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के कार्मिकों ने कार्यकम संचालन में अपना अहम योगदान प्रदान कर विजय दिवस समारोह को सफल बनाया। समारोह में सूबे. मे. त्रिलोक सिंह नेगी (से.नि.), हव. प्रकाश सिंह बिष्ट (से.नि.), पैटी ओफिसर गिरवर सिंह (से.नि.), हवलदार हीरा सिंह कोरंगा (से.नि.) आदि उपस्थित रहे।



# हल्द्वानी में शहीद सैनिकों के आश्रितों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विजय दिवस के अवसर पर हल्द्वानी स्थित शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं सम्मान कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही नैनीताल पुलिस के जवानों द्वारा सम्मान जनक गार्डन ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी , मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी द्वारा वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए शहीद सैनिक आश्रितों,वीर नारियों को सॉल व प्रतीक चिन्ह भेंटकर संम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि यह पावन दिवस हमारे जांबाज सैनिकों के अदम्य साहस, अतुलनीय शौर्य और राष्ट्रसेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण का जीवंत प्रतीक है। माँ भारती की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों का बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय के हृदय में धड़कती प्रेरणा है। उनका त्याग हमें सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, कर्तव्यनिष्ठ रहने और देश की एकता व अखंडता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान वीर शहीद सैनिक आश्रित श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी कृपाल दत्त, श्रीमती नंदा जोशी पत्नी सूबेदार कृष्णा जोशी, श्रीमती पार्वती देवी पत्नी सिपाही बदर सिंह, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी, नगर आयुक्त हल्द्वानी परितोष वर्मा, पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, नगर मजिस्ट्रेट जीएस चौहान, सैन्य अधिकारी मेजर जनरल इंद्रजीत सिंह बोरा, विशिष्ट सेवा मेडल स्टेशन कमांडर दीपक जोशी, कर्नल आलोक पांडे, लेफ्टिनेंट कर्नल बी डी कांडपाल, कर्नल बी एस रौतेला, अध्यक्ष पूर्व सैनिक लीग हल्द्वानी ग्रुप कैप्टन सुरेंद्र रावत, कर्नल रमेश सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी व हल्द्वानी नगर के गौरव सेनानी तथा उनके आश्रित, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।











# शांतिपुरी में विजय दिवस पर 1971 के वीर जवानों को किया नमन



शांतिपुरी। विजय दिवस के अवसर पर शांतिपुरी में बांग्लादेश युद्ध के दौरान देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर ऑनरेरी कैप्टन पुरुषोत्तम डिमरी, नायक सूबेदार गोविंद वल्लभ पांडे, मोती चंद सहित अन्य वीर सैनिकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विजय दिवस के पावन एवं गौरवमयी अवसर पर विधानसभा क्षेत्र किच्छा के अंतर्गत शांतिपुरी संख्या 1 स्थित कीर्ति स्तंभ में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा इस अवसर पर विधायक निधि से निर्मित विकास कार्य का विधिवत उद्घाटन कर राष्ट्र के वीर सपूतों को नमन किया।विधायक बेहड़ ने भारत पाक युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए कहा कि विजय दिवस हमें हमारे शहीदों के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अमिट गाथा का स्मरण कराता है। बेहड़ ने कहा कि 1971 का युद्ध भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है और उस युद्ध में भाग लेने वाले वीर सैनिकों की शौर्य गाथाएं आज भी आम जनमानस के दिलों और दिमाग में जीवित हैं। उन्होंने आगे कहा कि उस समय तत्कालीन प्रधनमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लिया गया यह साहसिक निर्णय भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने वाला था। विजय दिवस के अवसर पर हम सभी देशवासी उन सैनिकों का सम्मान करते हैं, जो आज भी देश की रक्षा के लिए सीमाओं पर तैनात हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपने प्राणों की आहुति देने को तत्पर रहते हैं। शांतिपुरी नंबर एक स्थित कीर्ति स्तंभ पर आयोजित कार्यक्रम पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी गणेश उपाध्याय ने सभी वीर सैनिकों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। अपने संबोधन में गणेश उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 1971 में तत्कालीन प्रधनमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान पर विजय प्राप्त कर बांग्लादेश का सृजन किया, जो विश्व इतिहास में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध के दौरान पाकिस्तान के 90 हजार सैनिकों का आत्मसमर्पण कराया गया, जो आज तक एक विश्व रिकॉर्ड है।



# अब सिर्फ काम दिखेगा बहाने नहीं: विकास शर्मा

## महापौर ने दरिया नगर और न्यू शांति कॉलोनी में दी लाखों के विकास कार्यों की सौगात, वार्डवासियों ने किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर। नगर के समग्र विकास को नई गति देते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड संख्या 37 दरिया नगर एवं वार्ड संख्या 16 की न्यू शांति कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। दरिया नगर में मुख्य मार्ग पर नाला निर्माण कार्य तथा वार्ड 16 की न्यू शांति कॉलोनी में तेजपाल के आवास से धर्मेंद्र चंद्रा के आवास तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का पूजा-अर्चना के साथ नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। दोनों स्थानों पर महापौर के पहुंचने पर वार्डवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, सम्मानित किया और विकास कार्यों के लिए आभार प्रकट किया।शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने अपने नौ माह के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए रूद्रपुर शहर के विकास का व्यापक विजन जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने बीते नौ माह में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। करोड़ों रुपये के विकास कार्य धरातल पर उतारे जा चुके हैं और नगर निगम को अब तक चार बड़े पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। शहर को आदर्श और व्यवस्थित बनाने के लिए कुछ कठोर लेकिन आवश्यक फैसले भी लिए गए हैं, जिनके दूरगामी सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे।महापौर ने कहा कि रूद्रपुर को अव्यवस्थाओं से बाहर निकालकर एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करने की स्पष्ट सोच के साथ योजनाएं बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सहयोग और आशीर्वाद से ट्रिपल इंजन की सरकार शहर में बड़े स्तर पर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रूद्रपुर को करीब 33 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देने जा रहे हैं, जिससे शहर के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि आज नगर निगम एक बहुआयामी संस्था के रूप में कार्य कर रहा है। सड़कों, नालियों और सफाई व्यवस्था के साथ-साथ जनहित से जुड़े अनेक कार्यों के माध्यम से जनता को राहत पहुंचाई गई है। कई विभागों की सेवाएं अब नगर निगम में एक ही छत के नीचे सुलभ कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए नगर निगम द्वारा आठ आयुष्मान आरोग्य केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग में नगर निगम ने ऐतिहासिक सुधार दर्ज किया है। पूर्व में जारी किए गए 56 विकास कार्यों के टेंडरों में से अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। सभी वार्डों में दलगत भावना से ऊपर उठकर समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हाल ही में नगर निगम बोर्ड की बैठक में 70 से अधिक प्रस्ताव पारित किए गए हैं, जिनकी टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर विकास कार्य जनता को समर्पित किए जाएंगे।महापौर ने कहा कि रूद्रपुर को प्रदेश का नंबर वन शहर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और इन प्रयासों का असर अब धरातल पर साफ दिखाई देने लगा है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ-साथ नगर निगम नागरिकों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का सपना तभी साकार होगा जब नगर निगम के साथ-साथ शहरवासी भी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति जागरूक और संवेदनशील होना होगा।महापौर विकास शर्मा ने स्पष्ट किया कि शहर हित में कड़े कदम उठाने से नगर निगम पीछे नहीं हटेगा। अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अब मुख्य मार्गों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में भी अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बस्तियों में नशे के अवैध कारोबार पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए नशा माफियाओं के अवैध निर्माणों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।दरिया नगर में आयोजित कार्यक्रम में विरेन्द्र तिवारी, नंद लाल शर्मा, राधेश्याम,राधेश शर्मा, महेश पंत, हरीश चन्द्र पाण्डेय, विवेक छाबड़ा,राधेश्याम गुप्ता, कन्हैया प्रसाद, सूरज अनेजा गोपाल साहनी, रवि नेगी, दिनेश चन्द्र जोशी, तेतर साहनी, पूरन सनवाल, कांता शर्मा, पफुदेना साहनी, अशोक सिंह, सोनू, आनन्द शर्मा, सुरेन्द्र छाबड़ा, संतोष राव, विमला वर्मा, दुर्गावंती वर्मा, कलावती देवी, यशोदा देवी, रेखा साहनी, बिंदु देवी, सुमित्रा देवी, फुलमती देवी, निशा यादव, सीमा देवी, लीलावती, कंचन देवी, रामनाथ कश्यप, विमला शर्मा,मालती यादव, वीरपाल मौर्या, रामनाथ, दिनेश, अनूप सक्सेना आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।वार्ड 16 में आयोजित कार्यक्रम में पार्षद प्रमोद शर्मा, पार्षद जगदीप भाटिया, पवन शर्मा, जितेन्द्र संधू, कुंवर पाल, विक्की राघव, दीपक गंगवार, नारायण जोशी, संदीप अवस्थी, ओमकार पाठक, भोपाल सिंह, रविन्द्र गंगवार, राजेन्द्र कश्यप, मनोज रस्तौगी, विक्की राघव, रिंकू पटेल, राकशे गिरि, कुवर पाल यादव, गजेन्द्र, अवधेश पंडित, दीपक पंडित, राजकुमार गंगवार, पप्पू कश्यप, रवि दिवाकर, बाबू राम मौर्य, तेपाल प्रजापति, नितिन, कल्लू सैनी, प्रदीप राठौर, हरिशंकर गंगवार, रामपाल मौर्य, मोहन सवरूप, राम गोपाल गुप्ता, जोनी गुप्ता, रवि चन्द्रा, राम बहादुर, भूप सिंह राजपूत, प्रेमपाल सेनी, तारा चन्द्र सैनी, अभिनव रावत, राजू चन्द्रा, गेंदन लाल चन्द्रा आदि समेत तमाम लोग थे।







# बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारण जरूरी: रिद्धिम

## आई.जी. कार्यालय में 125 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, जूते और मोजे बांटे

हल्द्वानी । आई.जी. कुमाऊँ कैंप कार्यालय में मंगलवार को सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। टीम थाल सेवा के सहयोग से झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले तथा वीरांगना सोसाइटी में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर रहे लगभग 125 गरीब व जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्वेटर, जूते एवं मौजे वितरित किए गए। इस अवसर पर आई. जी. कुमाऊँ श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल ने बच्चों को अपने हाथों से गर्म कपड़े पहनाए, उन्हें जलपान कराया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आई.जी. श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल ने टीम थाल सेवा के मानवीय प्रयासों एवं वीरांगना सोसाइटी द्वारा दी जा रही नि:शुल्क शिक्षा की भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान आई.जी. श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारण के महत्व के बारे में प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रम समय -समय पर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक बच्चे से उसके जीवन के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली जाएगी, ताकि बच्चों को सही दिशा,आत्म विश्वास एवं निरंतर मार्गदर्शन मिल सके। इस अवसर पर टीम थाल सेवा के अध्यक्ष उमंग वासुदेवा, राजीव बग्गा, प्रवीण मित्तल, राजीव वाही, स्वाति कपूर हरित कपूर, कनिका वासुदेवा, रीना मानसेरा, सारिका मित्तल तथा वीरांगना सोसाइटी की संचालिका गुंजन अरोरा मौजूद रही।





# ऊर्जा निगम ने वसूले पौने दो लाख

दिनेशपुर। ऊर्जा निगम द्वारा राजस्व वसूली से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को लेकर विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनेशपुर विद्युत उपसंस्थान के तत्वावधान में क्षेत्र के हरिदासपुर गांव में एकदिवसीय विद्युत बिल सुधार एवं शिकायत निस्तारण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को



आयोजित इस शिविर में उपभोक्ताओं की विद्युत से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान विभाग ने 1.75 लाख रुपये की राजस्व वसूली की। अवर अभियंता महताब अली ने बताया कि विशेष शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया, जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली। इस अवसर पर अवर अभियंता महताब अली, लाइनमैन महेंद्र सिंह,अमित कुमारतथा सुभाष सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तुषार हत्याकांड: विधायक कापड़ी ने की दस लाख मुआवजे की मांग

## पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया

खटीमा(उद संवाददाता)। खटीमा क्षेत्र को झकझोर देने वाले तुषार हत्याकांड को लेकर क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी ने मंगलवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। विधायक कापड़ी सबसे पहले मृतक तुषार के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उनकी पीड़ा को साझा किया और इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात विधायक कापड़ी घायल अभय के आवास पहुंचे और उनसे तथा उनके परिजनों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने घायल अभय के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इसके अलावा उन्होंने घटना में घायल सलमान के पिता से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और प्रशासनिक स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद विधायक कापड़ी उनके साथ खटीमा कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन से घटना के संबंध में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और शीघ्र ही सभी दोषियों को कानून के शिकंजे में लिया जाएगा। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक भुवन कापड़ी ने राज्य सरकार से मृतक तुषार के परिवार को तत्काल कम से कम 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि घटना में घायल अभय और सलमान के परिवारों को भी एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए, ताकि इलाज और अन्य आवश्यकताओं में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक कापड़ी ने कहा कि खटीमा नगर सहित संपूर्ण उत्तराखंड अब तक शांत, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है। ऐसे शांत क्षेत्र में इस प्रकार की नृशंस और हृदयविदारक घटना का होना अत्यंत निंदनीय और गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक आपराधिक कृत्य नहीं, बल्कि समाज के लिए चेतावनी है। उन्होंने इस प्रकार की घटनाओं के पीछे क्षेत्र में तेजी से बढ़ते स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को एक प्रमुख कारण बताया। विधायक ने राज्य सरकार से मांग की कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ इतनी कठोर और प्रभावी कार्रवाई की जाए कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस अवैध धंधे में संलग्न होने का दुस्साहस न कर सके। कापड़ी ने कहा कि यदि समय रहते नशे के बढ़ते जाल पर रोक नहीं लगाई गई, तो इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा युवाओं को नशे से बचाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की अपील की।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## हाईवे पर हादसों की त्रासदी

पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस–वे पर जिस तरह के हादसे हुए, उसमें वाहन चालकों की लापरवाही या चूक को जिम्मेदार बताया जा सकता है। मगर सड़क किनारे बने ढाबे या होटल भी इसका बड़ा कारण बन रहे हैं, क्योंकि अक्सर इनके सामने ट्रक या अन्य वाहन खड़े कर दिए जाते हैं और वहां से गुजरने वाली कोई अन्य गाड़ी उनसे टकरा जाती है। ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिसमें पिछले महीने की शुरुआत में राजस्थान के फलोदी में एक टेम्पो ट्रेवलर के सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने की घटना ने सबका ध्यान खींचा था। उसमें दस महिलाओं और चार बच्चों सहित पंद्रह लोगों की जान चली गई थी।इस घटना का सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया और ऐसे हादसों को लेकर चिंता जताई थी। उसी मामले की सुनवाई के दौरान सोमवार को शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआइ और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी जताई। अदालत ने यह भी कहा कि एक्सप्रेस–वे और राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बने अवैध ढाबे तथा होटल सड़क हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं और इसे रोकने के लिए पूरे देश में लागू होने वाले दिशा–निर्देशों पर विचार किया जाएगा।यह कोई छिपी बात नहीं है कि लंबी दूरी की निर्बाध सड़कों के किनारे कई जगहों पर ढाबे या होटल तो बना दिए जाते हैं, लेकिन वहां सड़क से अलग हट कर वाहन लगाने के लिए जगह नहीं होती। नतीजतन, वहां खाने–पीने आदि के लिए रुकने वाले लोग अपनी गाड़ी सड़क किनारे ही खड़ी कर देते हैं। जबकि ऐसी सड़कों पर आमतौर पर वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है और पीछे से आने वाली गाड़ियों के टकराने की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर सड़क किनारे बिना रोकटोक के ऐसे ढाबे और होटल चलने की जिम्मेदारी किसकी है? एक ही प्रकृति के लगातार हादसों और ज्यादातर घटनाओं में कारण स्पष्ट होने के बावजूद सरकार की ओर से अब तक इस दिशा में कोई पहल क्यों नहीं की गई? इसी को रेखांकित करते हुए अदालत ने सवाल उठाया है कि इस तरह के ढाबों पर कार्रवाई के लिए कौन–से नियम हैं और अब तक इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं। हैरानी की बात है कि लगातार सड़क हादसों के कारणों की पहचान करके उसे दूर करने के लिए सरकार और संबंधित महकमों को खुद अपनी ओर से जो पहल करनी चाहिए थी, उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट को ध्यान दिलाना पड़ता है। देश भर में अच्छी सड़कों का जाल तो बिछाया जा रहा है, लेकिन उन पर सफर भी उतनी ही सुरक्षित हो, यह सुनिश्चित करने का सवाल एक तरह से हाशिये पर छोड़ दिया गया है। एक्सप्रेस–वे या राष्ट्रीय उच्च मार्गों पर निर्बाध सफर की सुविधा तो है, लेकिन अगर कहीं ढाबा या होटल बना दिया गया है, तो अव्वल तो उनकी वैधता की पड़ताल की जरूरत नहीं समझी जाती, फिर वहां वाहन लगाने की जगह अनिवार्य रूप से हो, यह सुनिश्चित करने की अनदेखी की जाती है। विडंबना यह है कि देश भर में लगातार हो रहे हादसों में लोगों की जान जा रही है, लेकिन ऐसा लगता है कि ऐसी घटनाओं को रोकने का सवाल सरकार की प्राथमिकता में शुमार नहीं है।

# पत्रकार पंकज मिश्रा की संदिग्ध हालात में मौत

## दो लोगों के साथ शराब पीने के दौरान हुआ था झगड़ा, पुलिस ने पत्नी से की पूछताछ

देहरादून। फेसबुक पर कथित पोस्ट वायरल करने को लेकर हुए विवाद के बाद राजपुर थानाक्षेत्र की दून विहार कॉलोनी में सोमवार रात को 52 वर्षीय पंकज मिश्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वहीं वरिष्ठ पत्रकार पंकज मिश्रा के निधन की सूचना मिलने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने शोक संवेदना व्यक्त की है। वहीं पत्रकार पंकज मिश्रा की मौत को लेकर शोसल मीडिया पर उनके अकाउंट से की गई कई पोस्ट भी वायरल हो रही है।जिसमें कथित तौर पर सिस्टम से जुड़े लोगों को लेकर पैसे के लेनदेन पर उन्होंने टिप्पणी की है । एक पोस्ट में खुद पंकज मिश्रा ने अपनी पोस्ट को लेकर माफी मांगते हुए सरकार और उनसे जुड़े कुछ लोगों के पक्ष में बाते लिखी है। पंकज की पोस्टों को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह के सवाल उठाये जा रहे हैं। साथ ही पोस्ट को शराब पिलाकर जबरन वायरल करने के आरोप लगाये गये हैं। बताया जा रहा है कि पंकज मिश्रा की मौत से पहले सोमवार शाम उनके साथ एक घटनाक्रम हुआ। मौत से कुछ घंटे पहले पंकज ने अपने घर में दो लोगों के साथ शराब पी थी। किसी बात पर उनके बीच मारपीट हो गई थी, जिसकी पुलिस कॉल हुई। चीता पुलिस मौके पर गई। पड़ोसी भी वहां जमा थे। पुलिस का कहना है कि पंकज नशे में थे। उन्होंने अपनी मेडिकल जांच कराने और शिकायत देने से मना कर दिया था। इस वजह से चीता पुलिस वापस लौट गई थी। सुबह फिर से पुलिस को उनके बेसुध होने की कॉल मिली तो अस्पताल लेकर गए। पंकज कहीं नौकरी या व्यवसाय नहीं करते थे। वह स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते थे। उनके साथ रात में शराब पीने वाले भी



सोशल मीडिया पर पोर्टल चलाने वाले बताए जा रहे हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मृतक के शव पर ऊपरी तौर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। देर शाम पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें प्रथम दृष्टया मौत की वजह साफ नहीं हो सकी है। उनका विसरा सुरक्षित रखवाया है, जिससे उनके खाने–पीने का पता चलेगा। विसरा एफएसएल जांच के लिए भेजा जाएगा। पंकज मूल रूप से लखनऊ के रहने वाले थे। दून विहार में मकान नंबर–187 में 30 वर्षीय पत्नी के साथ किराये पर रहते थे। एसएसपी ने बताया कि लखनऊ में उनके परिजनों को सूचना दी गई है। राजपुर थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि परिजनों की ओर से जो भी लिखित शिकायत मिलेगी, उस पर कार्रवाई अमल में लाएं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पंकज और उनकी पत्नी की उम्र में काफी अंतर है। पति के बाथरूम के बाहर गिरने के बाद वहीं कंबल ओढ़ाकर पत्नी का खुद सो जाना संदिग्ध प्रतीत हुआ, हालांकि इस बारे में जांच और पूछताछ में पत्नी ने बताया कि पंकज रोजाना बहुत शराब पीते थे। उन्हें शुगर और बीपी की समस्या भी थी। वजन अधिक होने के कारण अक्सर घर में कहीं भी नशे में बेसुध होकर सो जाते थे। उनकी पत्नी ने बताया है कि पंकज को रात करीब साढ़े तीन बजे पेट दर्द हुआ था। वह टॉयलेट गए लेकिन बाहर निकलते समय फिसलकर गिर गए, क्योंकि उनका वजन काफी था इसलिए वह उन्हें बेड तक नहीं ले जा सकी। वहीं कंबल ओढ़ा दिया था। उसके बाद खुद सो गई थीं। सुबह पति होश में नहीं आए तो मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत बताया।

# मिलावटखोरी और खाद्य सामग्री की जांच के निर्देश

देहरादून। आगामी क्रिसमस और नववर्ष के दौरान आमजन को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारी मौसम में खाद्य पदार्थों की खपत में वृद्धि को देखते हुए विभाग ने मिलावटखोरी, घटिया गुणवत्ता और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण एवं विक्रय पर कड़ी निगरानी रखने का निर्णय लिया है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि खाद्य कारोबार से जुड़े सभी हितधारकों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।अपर आयुक्त श्री ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया गया है। इसमें मिठाइयाँ, नमकीन, बेकरी उत्पाद, कन्फेक्शनरी, डेयरी उत्पाद, साइड डिशेज, डेजर्ट्स और तैयार भोजन को विशेष निगरानी में रखा गया है। गुलाब जामुन, जलेबी, खीर, समोसा, बिरयानी, रोस्ट चिकन, पिज्जा, केक, पेस्ट्री, प्लम केक, कुकीज, चॉकलेट, क्रिसमस पुडिंग जैसे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की जाएगी। जनपद स्तर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो निर्माण इकाइयों से लेकर थोक व खुदरा विक्रेताओं तक की श्रृंखला की जांच करेंगी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम–2011 तथा संबंधित विनियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि त्योहारी मौसम में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री ही उपलब्ध हो। सभी जनपदों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्राथमिकता वाले खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान की गई प्रत्येक कार्रवाई की दैनिक रिपोर्टिंग अनिवार्य की गई है, जिससे पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे।

# विधायक ने मार्ग का किया निरीक्षण, धीमी गति पर जताई नाराजगी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। झील से चामुंडा मंदिर तक राज्य योजना के तहत 2.1 करोड़ रुपये की लागत से वाइट टॉपिंग द्वारा निर्मित मार्ग का विधायक शिव अरोरा ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की गुणवत्ता का खुद मुआयना किया और निर्माण मानकों के अनुरूप मोटाई और लंबाई को मापकर कार्य की प्रगति का जायजा लिया।निर्माण कार्य के एक ओर पूर्ण होने के बावजूद दूसरी ओर ढीली प्रगति पर विधायक ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह मार्ग ट्रांजिट कैम्प और सिडकुल जाने वाले लोगों के लिए जीवनरेखा है और इसकी धीमी गति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता अनिल कनोजिया को निर्देश दिए कि अगले एक सप्ताह में मार्ग के दूसरे ओर टॉपिंग का कार्य आरंभ किया जाए,



जबकि बेस का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है।विधायक ने बताया कि एक सप्ताह बाद काम शुरू होते ही 3–4 दिन में निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा और मार्ग आम जनता के उपयोग के लिए खुल जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रोड लंबे समय से विकास के अभाव का मुद्दा रही है, लेकिन उनके प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्माण के लिए धनराशि जारी करवाई। यह रुद्रपुर की पहली आंतरिक रोड होगी जो वाइट टॉपिंग तकनीक से बनेगी।शिव अरोरा ने स्पष्ट किया कि मार्ग की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो जिम्मेदार ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रोड ट्रांजिट कैम्प का मुख्य मार्ग है और इसके निर्माण से वर्षों पुरानी परेशानियों का अंत होगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, पार्षद पवन राणा, कैलाश राठौर, राजेंद्र राठौर, एमपी मौर्य, शिव कुमार गंगवार, भाजपा नेता किरन विर्क, सुनील यादव, गिरीश राठौर, शमी गुप्ता, मनोज मदान, डीके गंगवार, विजय डे, दीपू राठौर, शंकर विश्वास, मयंक कक्कड़, विशाल शील, दीपक दिवाकर, सोनू वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चरस के साथ तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशानुसार जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर अंकुश के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज सिह कत्याल और क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी थानाध्यक्ष निरीक्षक दिनेश सिह फर्त्याल के नेतृत्व में गठित टीम ने एक व्यक्ति को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। बनभूलपुरा थाना पुलिस और एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स नैनीताल टीम द्वारा संदिग्ध वाहन और वस्तुओं की चेकिंग के दौरान गोपाल सिंह चिलवाल पुत्र हर सिंह, निवासी ग्राम वडौन, ब्लॉक



ओखलकांडा, थाना खनस्यू, 435 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार और कांस्टेबल मौ0 यासीन के साथ–साथ एएनटीएफ के कांस्टेबल संजय सिंह नेगी और का0 बलवन्त सिंह आदि शामिल रहे।

# तेज गति चल रहा है हरिपुर जमुना घाट का निर्माण

कालसी ( देहरादून) । जमुना घाट हरिपुर को धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में पुन: स्थापित करने के सीएम पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के बाद से शुरू किए गए जमुना घाट के निर्माण ने रफ्तार पकड़ ली है। करीब एक किमी लंबे इस घाट को उत्तराखंड में जमुना का पहला घाट का दर्जा प्राप्त होगा,जहां हजारों तीर्थयात्रियों को जमुना में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि हरिपुर जमुना घाट कभी बहुत बड़ा तीर्थ स्थल हुआ करता था जो कभी प्रलयकारी बाढ़ में बह गया।इस तीर्थ स्थल को पुन: स्थापित किए जाने का संकल्प सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लिया और यहां भव्य घाट बनाने के लिए शिलान्यास कार्यक्रम भी भव्यता के साथ किया था। इस घाट के निर्माण के लिए एम डी डी ए ही कार्यदायी संस्था है और उसके द्वारा ही सीएम धामी के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की देखरेख की जा रही है। हरिपुर कालसी ऐसे धार्मिक स्थल है जिनका संबंध कृष्ण कालखंड के साथ साथ सम्राट अशोक द्वारा स्थापित शिलालेख और गुरु गोबिंद सिंह के बाल्यकाल के युद्ध प्रशिक्षण से भी रहा है। जमुना किनारा यहां सदियों पुराने अश्वमेघ यज्ञ स्थल भीं ए एस आई की देखरेख में है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार हरिपुर जमुना घाट को एक धाम के रूप में विकसित किए जाने के लिए वचनबद्ध है, ये हमारी घोषणा सूची में दर्ज है, घाट का काम शीघ्र पूरा होने जा रहा है जोकि जौनसार बावर और कृष्ण जमुना भक्ति में विश्वास रखने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा।



# अधिकारियों ने तहसील दिवस में विभिन्न जन समस्याओं का मौके पर किया निराकरण

गदरपुर। जिलाधिकारी महोदय, उधमसिंह नगर के निर्देशों के अनुपालन में 17 दिसंबर 2025 को गदरपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड विकास विभाग, चिकित्सा विभाग, बाल कल्याण विकास विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग, दुग्ध विभाग और खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने आम जनता की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए गए, जिनमें विभागों की सेवाओं और योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही जनता को आगामी "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों के बारे में भी जागरूक किया गया। इन शिविरों




का आयोजन क्रमश: 20 दिसंबर 2025 को पंचायत घर चकरपुर, 26 दिसंबर 2025 को राजकीय प्राथमिक विद्यालय आनंदखेड़ा और 2 जनवरी 2026 को ए. ए. एन. के इंटर कॉलेज गुलारभोज में किया जाएगा। तहसील दिवस में उपस्थित लोगों ने अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याओं और सुझावों को साझा किया। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आने वाले शिविरों में जन समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। इस पहल से लोगों में सरकारी योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ प्रशासन और जनता के बीच संपर्क भी मजबूत हुआ।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विशेष चिकित्सा शिविर और जागरूकता रैली आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकासखंड गदरपुर के सभागार में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कुपोषित, अति कुपोषित और जन्मजात विकृतियों से ग्रस्त बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर शीघ्र निदान और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इस क्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों ने प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय चकरपुर/बरखेडा और प्राथमिक/जूनियर स्कूल शिवपुर के छात्रों के साथ जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में बच्चों और स्थानीय लोगों को कुपोषण और उससे होने वाले प्रमुख रोगों, साथ ही बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. प्रशांत चौहान, डॉ. कल्पना, डॉ. विकास सचान, डॉ. रेखा रानी, फार्मासिस्ट के एन जोशी और अतीश कालरा ने बच्चों और अभिभावकों को कुपोषण के लक्षण और इसके रोकथाम के उपाय समझाए। उन्होंने बताया कि जिले में त्वैज्ञ टीमों का गठन किया गया है, जो साल में दो बार आंगनवाड़ी केंद्रों और एक बार विद्यालयों में जाकर बच्चों का 4डी आधारित स्वास्थ्य परीक्षण करती हैं, ताकि किसी भी बीमारी या विकास संबंधी समस्या का शीघ्र निदान



किया जा सके। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य जागरूकता रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक समन्वयक मोहन लाल, श्री वीरेंद्र वर्मा, श्री अमरजीत बजाज और प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय चकरपुर/बरखेडा तथा शिवपुर के स्टाफ ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। गदरपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजनी कुमार ने कार्यक्रम का दिशा- निर्देशन करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर और जागरूकता रैलियों से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार और समय पर निदान में मदद मिलेगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को समय-समय पर जांच और पौष्टिक आहार सुनिश्चित कर उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि में सहयोग करें।

# रूद्रपुर और किच्छा में हुए सड़क हादसों की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने 06 सितम्बर से 20 अक्टूबर 2025 के बीच हुई कई गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं। इन हादसों में तेजी और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण चार लोगों की मौत हुई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जांच अधिकारी के रूप में उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा गौरव पाण्डेय को नामित किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार, जांच में जिन प्रमुख घटनाओं का विश्लेषण किया जाएगा, उनमें शामिल हैं -06 सितम्बर 2025 को पंतनगर के वी-गार्ड के सामने, आटो टैम्पो (यूके-06-टीए-7774) के अज्ञात चालक ने वादी की स्कूटी में टक्कर मारी। जब वादी ने स्कूटी की मरम्मत हेतु कहा, तब चालक ने अपने साथी को बुलाकर वादी और उनके मित्र के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। 07 सितम्बर 2025 को किच्छा रूद्रपुर रोड पर, आर्टिगा कार (यूके-06-टीए-8532) के अज्ञात चालक ने वादी के पिता नरपत सिंह की साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हुए और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। 10 अक्टूबर 2025 को लालपुर आईडिया कॉलोनी के पास, टैम्पो (यूके-06-टीए-8071) के अज्ञात चालक ने वादी की मोटरसाइकिल (यूके-06-बीई-6213) में टक्कर मारी, जिससे वादी गंभीर रूप से घायल हो गए। 16 अक्टूबर 2025 को गोल गेट पंतनगर के सामने, बस (यूके-04-पीए-1545) के अज्ञात चालक ने वादी की पत्नी लीला देवी (55 वर्ष) को गिरा दिया, जिससे गंभीर चोटें आईं और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। 20 अक्टूबर 2025 को बरा कट के पास मेन हाईवे पर, ट्रक (यूपी-23 डी-4571) के अज्ञात चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए बस (यूपी-24 टी-6499) से टक्कर मारी, जिससे वादी के पुत्र किशन शाक्य (12 वर्ष) की मृत्यु हो गई। उप जिला मजिस्ट्रेट गौरव पाण्डेय ने बताया कि इन घटनाओं से संबंधित किसी भी व्यक्ति को अपना पक्ष रखने या साक्ष्य/दस्तावेज प्रस्तुत करने की अनुमति है। इसके लिए 27 दिसंबर 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से सांय 05 बजे तक तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दी जा सकती है।

# नानकमत्ता के पूर्व प्रधान दलजीत का निधन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकमत्ता के पूर्व प्रधान दलजीत सिंह रियेत का निधन होने के चलते क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। उनके निधन पर क्षेत्र के लोगों ने उनके घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। जिनका अंतिम संस्कार श्मशान घाट में किया गया। नानकमत्ता ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान रहे दलजीत सिंह रियेत उर्फ कक्कु पिछले दिनों अचानक बीमार पड़ गए थे जिन्हें इलाज के लिए स्वजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज में सुधार न होने पर स्वजन बुधवार को तड़के उन्हें घर पर ले आ गए थे। जहां तड़के 4:30 उन्होंने घर पर ही अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।



नाना पाटेकर प्रधान रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल जूनियर हाई स्कूल समेत विवादित दुकानों का निर्माण कराकर क्षेत्र में विकास किया था। जिनका अंतिम संस्कार श्मशान घाट में किया गया। पूर्व प्रधान अपने पीछे दो पुत्र और पत्नी को छोड़ गए। उनके निधन पर पूर्व विधायक डॉक्टर प्रेम सिंह राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, पूर्व प्रधानाचार्य बलदेव सिंह हरियान, प्रधानाध्यापक के एन अटवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह मान, सभासद विशाल गोयल, मास्टर अमरजीत सिंह, सुखदेव सिंह, पूर्व सभासद जितेंद्र सिंह राणा ने शोक व्यक्त किया है।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

दिनेशपुर। विकासखंड दिनेशपुर में मंगलवार को राजकीय शिक्षक संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया। ब्लॉक जगदीशपुर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में आयोजित समारोह में शिक्षकों ने पहली बार जगदीशपुर आगमन पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण करके सम्मान किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुशील त्रिपाठी ने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी के षष्ठम द्विवार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला मंत्री विवेक कुमार पंवार और गदरपुर ब्लॉक मंत्री मनोज राय का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ हमेशा शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और शैक्षिक उन्नयन में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार राय उर्फ मुन्ना ने कहा कि शिक्षक समुदाय के सम्मान और अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने शैक्षिक उन्नयन और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संघ की प्रतिबद्धता को दोहराया। जिला मंत्री विवेक कुमार पंवार ने कहा कि उन्हें भारी बहुमत से चुनने का उद्देश्य शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान करना है, और वे हमेशा अगली पंक्ति में खड़े रहेंगे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जयंत शाह ने किया। समारोह में शिक्षक प्रतिनिधि देवकीनंदन भट्ट, अश्वनी कुमार, दविंद्र पाल सिंह, पुष्कर बिष्ट, चंद्रेश पाल, खिला गनघरिया, गोविंदी गुप्ता, जयंत शाह, कमल जोशी, राजेंद्र सिंह, सचिन कालरा, मंजू जोशी और धर्मवीर सिंह सहित अन्य गणमान्य शिक्षक उपस्थित रहे।



# आपसी विवाद के कारण बस अड्डा अधूरा, आंदोलन की चेतावनी

गदरपुर(उद सुवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अरोरा ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार और नगर पालिका अध्यक्ष पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल से निर्माणाधीन सरकारी बस अड्डा भाजपा नेताओं के आपसी विवाद के कारण अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे आम जनता को गंभीर असुविधा हो रही है। अरोरा ने आरोप लगाया कि बस अड्डे के लिए वेतन के नाम पर जनता के टैक्स के पैसे खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन परियोजना अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई। सिद्धार्थ अरोरा ने चेतावनी



दी कि यदि शीघ्र बस अड्डे को सुचारू नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास विकास के कोई ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए जनता को गुमराह करने के लिए झूठे वादे किए जा रहे हैं। अरोरा ने पालिका अध्यक्ष पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सफाई के नाम पर शहर में लूटपाट का सिलसिला शुरू होने वाला है और ठेका प्रथा के माध्यम से नगर पालिका से फिर लाखों रुपये निकाले जाएंगे। उन्होंने इसे जनता के साथ धोखा बताया और कहा कि इसका जवाब कांग्रेस पार्टी देगी। प्रेस वार्ता के दौरान अरोरा ने हाल ही में आयोजित "वोट चोर गद्दी छोड़" कार्यक्रम की सफलता पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और देशवासियों को शौर्य दिवस की बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के मुद्दों पर संघर्ष करती रहेगी और उनकी आवाज उठाती रहेगी।

## पेज एक का शेष...

**ट्रक से भिड़ी ...** (30) पुत्र दीनबंधु जायसवाल, निवासी चंद्रेश्वर नगर, दुर्गा मंदिर रोड, ऋषिकेश, हरिओम पाण्डे (22) पुत्र अरविंद कुमार पाण्डे, निवासी हनुमान मंदिर गुमानीवाला, करण प्रसाद (23) पुत्र तुलसी प्रसाद, निवासी लकड़घाट, और सत्यम कुमार (20) पुत्र मंगल सिंह, निवासी गुज्जर बस्ती गली नंबर 6, श्यामपुर, ऋषिकेश के रूप में हुई है। हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की गति अत्यधिक तेज थी और चालक ने नियंत्रण खोने से पहले कई वाहनों को बेकाबू हालात में ओवरटेक किया था। वाहन चालक की लापरवाही और अत्यधिक तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। दुर्घटना के कारण सड़क पर लंबा जाम भी लग गया। पुलिस ने मलबा हटाकर और ट्रक व कार को अलग करके मार्ग को सुचारू किया।

**शिलान्यास ने गदरपुर...**जाने की बातें सामने आती रही हैं, जिससे उनके समर्थकों में पहले से ही नाराजगी बनी हुई है। ताजा मामला तब और गंभीर हो गया जब पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पाण्डे की अनुपस्थिति में रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा द्वारा गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में आवासीय भवनों का शिलान्यास किया गया। आरोप है कि शिलान्यास के दौरान लगाए गए शिलापट पर शिव अरोड़ा का नाम बड़े अक्षरों में अंकित किया गया, जबकि गदरपुर के विधायक अरविंद पाण्डे का नाम नीचे छोटे अक्षरों में केवल विशिष्ट अतिथि के रूप में दर्शाया गया। इसे लेकर क्षेत्रीय विधायक के समर्थकों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में जाकर वहां के विधायक की अनुपस्थिति में सरकारी निर्माण कार्यों का शिलान्यास करना और शिलापट पर स्वयं का नाम प्रमुख रूप से अंकित कराना न तो राजनीतिक शिष्टाचार के अनुरूप है और न ही प्रशासनिक मर्यादाओं के खासतौर पर तब, जब गदरपुर और रुद्रपुर अलग-अलग जिले और अलग विधानसभाएं हैं। ऐसे में प्रोटोकॉल का पालन किया जाना अनिवार्य माना जाता है। इस पूरे प्रकरण में संबंधित अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है कि यदि शिलापट और कार्यक्रम के आयोजन में नियमों की अनदेखी की गई है, तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, यह भी चर्चा है कि गदरपुर में आपसी खींचतान के चलते भाजपा के भीतर ही भाजपा को नुकसान पहुंचाने की स्थिति बनती जा रही है, जिसका असर आने वाले समय में चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है। फिलहाल शिलान्यास से जुड़ा यह विवाद गदरपुर की राजनीति का अहम मुद्दा बन गया है। सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि भाजपा संगठन, पार्टी हाईकमान और प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं और क्या इस विवाद पर कोई ठोस कार्रवाई सामने आती है या नहीं।

**महिला की मौत...** में पहुंचकर गर्भवती महिला का ऑपरेशन किया। शिशु को जन्म देने के बाद महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे गुस्सा आए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा कांटा। सूचना पर पहुंचे भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। इस दौरान परिजन और ग्रामीण महिला का सब हॉस्पिटल गेट पर रख धरने पर बैठ गए। काफी हंगामा बढ़ता देख वरिष्ठ उप निरीक्षक विक्रम सिंह धामी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। कई दौर की वार्ता के बाद भी गर्भवती महिला की मौत के मामले में समाधान नहीं निकलने से पुलिस, प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहा। लक्ष्मी झाला के मेंबर नंदलाल ने बताया कि मृत्यु का उर्मिला उनकी करीबी रिश्तेदार थी, डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती है। मृतका अपने पीछे 4 साल की बेटी, पति को रोता भी लगता छोड़ गई है। प्रसूति महिला की मृत्यु के संबंध में तुरंत कार्यवाही करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के के अग्रवाल के द्वारा एक जांच कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी पी सिंह, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ कनक बनोधा एवं डॉ सुधीर गुप्त को जांच हेतु निर्देशित किया गए है। जांच कमेटी दो दिवस के अंदर तथ्यों को जांचकर अपनी आख्या प्रस्तुत करेगी एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सालय के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**साईबर ठगों ने ...**-अलग खातों में ट्रांसफर की गई। पीड़ित ने बताया कि यह धोखाधड़ी उनके मोबाइल में स्थापित एक एपीके फाइल आरटीओ चालान के कारण हुई, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने 9 दिसंबर को उनके वाट्सएप पर भेजा था। उन्होंने बताया कि उक्त एप्लिकेशन के माध्यम से साइबर अपराधियों ने उनके फोन का अनधिकृत एक्सेस प्राप्त कर बैंक खाते में ट्रांजेक्शन किया और उनकी बैंक मेल आईडी बदल दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साइबर ठगों की धरपकड़ के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

**स्वरोजगार के लिए...**और हर युवा के हाथ में काम हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए डबल इंजन सरकार उत्तराखंड के युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से लाभार्थियों से संवाद भी किया। लोहाघाट, चंपावत के कमल सिंह पार्थोली ने कहा कि उन्होंने स्मार्ट लाइब्रेरी के लिए इस योजना के तहत 10 लाख रुपये का लोन लिया। अभी यहां 130 बच्चे पढ़ रहे हैं, वे अब ई-लाइब्रेरी भी बनाएंगे। उधम सिंह नगर के श्री प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने गाड़ी सर्विस के कार्य के लिए 10 लाख रुपये का लोन लिया; वे पहले साइकिल रिपेयरिंग का कार्य करते थे। उत्तरकाशी के श्री जसपाल ने बताया कि उन्होंने फिटनेस क्लब की स्थापना के लिए 10 लाख रुपये का लोन लिया, अब वे इसका और विस्तार कर रहे हैं। पौड़ी गढ़वाल के अयान मंसूरी ने बताया कि उन्होंने रजाई और गद्दा निर्माण के कार्य के लिए 10 लाख रुपये का लोन लिया, उनके साथ इस रोजगार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई लोग जुड़े हैं। इस साल उनका कारोबार तीन करोड़ रुपये होने का अनुमान है। बागेश्वर की चंपा देवी ने कहा कि उन्होंने मोबाइल सेल एंड सर्विस के लिए सात लाख रुपये का लोन लिया था। इस कार्य से उनकी आजीविका बढ़ी है।इस अवसर पर सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग एवं एमडी सिडकुल डॉ. सौरभ गहरवार, उप सचिव शिव शंकर मिश्रा, उद्योग विभाग से अपर निदेशक मृत्युंजय सिंह, संयुक्त निदेशक अनुपम द्विवेदी, दीपक मुरारी, उप निदेशक महावीर सजवान, राजेंद्र कुमार, उद्योग मित्र अभिषेक नैनवाल एवं अनुराग गुप्ता मौजूद थे।

**तराई में घने कोहरे..**द्वारा लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए जगह जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। बावजूद इसके क्षेत्र के लगभग हर गली मौहल्लों में लोग लकड़ियां व अन्य ज्वलनशील वस्तुएं जलाकर खुद को ठंड से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। क्षेत्र में ठंड के बढ़ने से बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री में भी अचानक से तेजी आई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 20 दिसंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। जबकि 21 दिसंबर को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग व पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के भी आसार हैं।

**युवक की संदिग्ध...**संस्कार कर दिया। यह मामला रम्पुरा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। तमाम मौहल्लेवासियों का कहना था कि मृतक युवक ने घर में ही फांसी लगाई है। जबकि परिजनों ने ऐसी किसी भी घटना से इंकार करते हुए युवक की मौत को सामान्य बताया है।

**पिता और भाई ...**बल्कि लोक शांति एवं सार्वजनिक व्यवस्था के लिए भी प्रतिकूल है। ऐसी परिस्थितियों में शस्त्र का लाइसेंस बने रहना जनहित एवं लोक शांति के दृष्टिगत उपयुक्त नहीं पाया गया। जिलाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए अवगत कराया कि उपर्युक्त समस्त तथ्यों एवं संभावित खतरे को दृष्टिगत रखते एवं लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु पर्याप्त एवं युक्तिसंगत आधार विद्यमान होने के फलस्वरूप, विकास किरौला का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जाता है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# खटीमा में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई,सड़क किनारे कब्जों को तोड़ा

खटीमा। तुषार हत्याकांड के बाद खटीमा में कानून व्यवस्था और सफाई को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को इस्लाम नगर और गोटिया में पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने सड़क किनारे किए गए पक्के कब्जों और नालियों के ऊपर बने अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त किया। साथ ही सड़क किनारे दुकानों और टीनशेडों को हटाया गया, जिससे वाहनों और चमकमेजतपंदे के लिए मार्ग फिर से सुगम हुआ। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की टीम ने भी हिस्सा लिया।



टीम ने फार्मासिस्ट न मिलने, एक्सपायरी दवाइयां मिलने और दवाइयों के बिल न होने जैसी खामियों के आधार पर दो मेडिकल सीज किए और तीन मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निरस्त कर दिए। इसी बीच ऊर्जा निगम की टीम ने कटिया डालकर बिजली चोरी करने और बकाया बिल जमा न करने वाले मामलों में 14 कनेक्शन काटे। वार्ड नंबर 10 में प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की टीम ने सड़क किनारे नालियों और दुकानों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। गोटिया क्षेत्र में कार्रवाई शुरू होने के बाद कई लोग स्वयं अपनी छतों और दरवाजों के आगे किए गए कब्जे हटाने लगे। इस दौरान क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही, जिससे कार्रवाई सुचारू और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो सकी। एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि गोटिया और इस्लाम नगर क्षेत्र में लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिन पर प्रशासन ने कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।







# दस दिवसीय नवीन आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग शुरू

किच्छा(उद संवाददाता)। श्री सिद्धेश्वर मंदिर सभागार में आयोजित एकल अभियान अंचल खटीमा के दस दिवसीय नवीन आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग का भव्य शुभारंभ मां भारती के चरणों में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान धर्मराज जायसवाल जी (संरक्षक, किच्छा) ने की।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं सह विभाग प्रचारक नैनीताल नरेंद्र जी ने कहा कि एकल अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबन पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के करणीय कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा और संस्कार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे एकल अभियान निरंतर प्रभावी रूप से निभा रहा है।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक किच्छा राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में एकल अभियान के संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने एकल विद्यालयों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु एक लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की तथा संगठन के कार्यकर्ताओं एवं आचार्यों के समर्पण की भूरी–भूरी प्रशंसा की।कार्यक्रम में एकल अभियान के प्रदेश संयोजक अरविंद कनौजिया जी ने एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार आचार्य गांव–गांव जाकर बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार प्रदान कर रहे हैं।उद्घाटन सत्र में कैलाश भट्ट (प्रधानाचार्य, विद्या मंदिर), अंजू जायसवाल (पूर्व चेयरमैन), शुभम, कमलेंद्र सेमवाल, भगत जी (सह जिला बौद्धिक प्रमुख), दिनेश भाटिया, भाग कुमाऊं कार्यालय प्रमुख पिंकी, अंचल अभियान प्रमुख निशा भंडारी जी, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख रेनू जी, अंचल व्यास सीमा जी, अंचल गतिविधि प्रमुख सरोजिनी जी सहित संच प्रशिक्षक एवं आचार्य बहनें उपस्थित रहीं।



# हाईकोर्ट ने प्रदेश में शराब के दाम बढ़ाने के सरकार के निर्णय पर लगायी रोक

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में शराब के दाम बढ़ाने के सरकार के निर्णय पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। शराब बनाने वाली डिस्टलरी मैसर्स इंडियन ग्याइकोल्स लिमिटेड ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर प्रदेश में शराब के दाम बढ़ाने के सरकार के निर्णय को चुनौती दी थी। डिस्टलरी मैसर्स इंडियन ग्याइकोल्स लिमिटेड ने याचिका में कहा है कि प्रदेश सरकार ने 28 नवंबर को एक नोटिफिकेशन जारी कर प्रदेश में शराब के दामों में वृद्धि कर दी। कहा गया कि राज्य सरकार एक्साइज ईयर के मध्य में शराब के दामों में वृद्धि नहीं कर सकती है।नोटिफिकेशन के माध्यम से उत्तराखंड आबकारी नीति नियमावली में संशोधन नहीं किया जा सकता है। संशोधन के लिए नियमावली बनाने या तैयार करने वाली प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार को इसका अधिकार है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने सरकार के 28 नवंबर को जारी नोटिफिकेशन पर रोक लगा दी है।

# नवनिर्वाचित जिला मंत्री का किया स्वागत

गदरपुर। गदरपुर इंटर कॉलेज में पहुंचकर राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री पद पर विजय प्राप्त करने वाले विवेक कुमार पवार को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक साथियों एवं शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की। शुभकामनाएं देते हुए सुभाष व्यापारी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नवनिर्वाचित जिला मंत्री श्री विवेक कुमार पवार जी एवं उनकी नई टीम सम्मानित शिक्षक साथियों की समस्याओं के समाधान हेतु पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करेगी तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी। इस दौरान शिक्षक साथियों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सभी ने श्री विवेक कुमार पवार जी को बधाई देते हुए उनके सफल एवं प्रभावशाली कार्यकाल की कामना की।



# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित हुए डॉ. केसी चंदौला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के एमडी एवं उत्तराखण्ड आयुष परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केसी चंदौला को आयुष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए हल्द्वानी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित 7वें कृषि और सम्बद्ध विज्ञान में नवाचार और वर्तमान प्रगति सम्मेलन में देश और विदेश से करीब 500 शोधकर्ता, वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल हुए। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन आस्था फाउंडेशन, मेरठ और उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। सम्मेलन के मुख्य विषयों में कृषि विकास, पशु चिकित्सा, होम्योपैथिक चिकित्सा और जैव प्रौद्योगिकी की नवीन विधियों पर व्यापक चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान होम्योपैथिक चिकित्सा की पशुओं के



उपचार में भूमिका, कीटनाशकों के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में उपयोग और कृषि उत्पादन में इसका योगदान विषय पर भी मंथन किया गया। सम्मेलन के दौरान नवीन कृषि तकनीक, पशु चिकित्सा में होम्योपैथिक उपचार, जैव प्रौद्योगिकी के नवाचार और अनुसंधान को व्यावहारिक रूप में लागू करने के तरीके पर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित विशेषज्ञों ने डॉ. केसी चंदौला के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप उन्हें टोपी पहनाई गई, शॉल ओढ़ाई गई और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सम्मेलन में डॉ. केसी चंदौला ने आयुष, होम्योपैथी, आयुर्वेद और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों और उनके उपयोगिताओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन ज्ञान, नवाचार और अनुसंधान को साझा करने का बेहतरीन माध्यम हैं और यह आयुष क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करते हैं। सम्मेलन में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी, उत्तराखण्ड काउंसिल ऑफ बायोटेक्नॉलॉजी हल्द्वानी पंतनगर के निदेशक डॉ. संजय शर्मा, प्रो. आनंद सिंह जीना, डॉ. एसपी सिंह, डज्ञ. एसएस कुंजवाल, प्रो. महेन्द्र सिंह सहित कई प्रमुख वैज्ञानिक और शिक्षाविद उपस्थित रहे।